### एक नजर में

## शासकीय महाविद्यालय दमुआ के भूगोल विषय के विद्यार्थियों ने किया भौगोलिक भ्रमण




**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ के भूगोल विषय के विद्यार्थियों द्वारा अध्ययन को व्यवहारिक रूप देने हेतु प्रसिद्ध प्राकृतिक स्थल पातालकोट में भौगोलिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पातालकोट की घाटी की विशिष्ट भौगोलिक संरचना, चट्टानों की बनावट, अपरदन की प्रक्रियाओं तथा जैव विविधता का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। प्राध्यापकों ने सतपुड़ा पर्वतमाला की भौगोलिक विशेषताओं एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्थानीय भारिया जनजाति की जीवन शैली से भी रूबरू होने का अवसर मिला। विद्यार्थियों ने जनजाति के पारंपरिक आवास, वेशभूषा, खान-पान, औषधीय वनस्पतियों के उपयोग तथा सांस्कृतिक परंपराओं को निकट से समझा, जिससे उनके सामाजिक एवं सांस्कृतिक ज्ञान में वृद्धि हुई। भ्रमण के दौरान भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ. दिलीप ढोबाले, राजकुमार कुशवाहा, नीरज कुमार सल्लाम, सुषमा टांडेकर एवं डॉ. विनिता धुर्वे आदि उपस्थित रहे तथा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि इससे उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव भी प्राप्त होता है। यह भौगोलिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं अनुभवसमृद्ध सिद्ध हुआ।

## चंद्रग्रहण के चलते 3 मार्च को जामसांवलीधाम में चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर के पट रहेंगे बंद

**सौंसर।** चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान (हनुमान लोक),जामसांवली के प्रबंधन द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया की आगामी 3 मार्च मंगलवार को लगने वाले खग्रास चंद्रग्रहण के कारण मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए पूरे दिन बंद रहेंगे। संस्थान के सचिव टीकाराम कारोकर के अनुसार, ग्रहण की धार्मिक मान्यताओं का पालन करते हुए मंदिर के पट प्रातः 6.20 बजे से सायंकाल 7.30 बजे तक पूर्णतः बंद रखे जाएंगे। इस अवधि के दौरान श्रद्धालुओं का प्रवेश और दर्शन वर्जित रहेगा। मंदिर संस्थान ने ग्रहण के कारण दैनिक आरती के समय में भी विशेष बदलाव किया है। मंदिर प्रबंधन ने जानकारी दी है कि प्रातःकालीन आरती सुबह 5 बजे संपन्न की जाएगी, वहीं ग्रहण की समाप्ति और शुद्धिकरण के पश्चात सायंकालीन आरती रात्रि 8 बजे आयोजित होगी।

## श्री केसरी नंदन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी हेतु बैठक का हुआ आयोजन



**छिंदवाड़ा।** श्री केसरी नंदन हनुमान मंदिर में आगामी हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियों हेतु मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों के द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाने हेतु मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया मंदिर ट्रस्ट के मुख्य पुजारी अनिल मालवी एवं आंतरिक अध्यक्ष ईशान मेद ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 45 क्विंटल से अधिक का महा विशाल भंडारा मंदिर में किया जाता है जो कि इस वर्ष भी किया जाएगा इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा बैठक में निर्णय लिया गया की मंदिर में सात दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें सुंदरकाण्ड अखंड रामायण पाठ भजन कीर्तन हवन पूजन एवं महाअभिषेक किया जायेगा। जिसको लेकर समिति द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है।

हादसा | अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, जांच में जुटी पुलिस

# सड़क हादसे में बेरड़ी के युवक की दर्दनाक मौत

**नवभारत न्यूज**
**सौंसर 1 मार्च, नेशनल हाईवे पर रविवार को शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहाँ कुड्डम जोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।**

### कुड्डम जोड़ पर हुआ हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान दुर्गेश पिता गणेश दास बैरागी 35 वर्ष,निवासी ग्राम बेरड़ी के रूप में हुई है। बताया गया कि दुर्गेश कुड्डम की ओर से वापस आ रहा था, तभी जोड़ के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दुर्गेश ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।



### पुलिस जांच जारी

हादसे की सूचना मिलते ही सौसर पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए सौसर के सिविल अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। हाईवे के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## तेज रफ्तार बाइक आमने-सामने टकराई, 2 युवक एक महिला और 9 माह मासूम बच्चा हुआ घायल



**तामिया।** शिवकुमार पिता रामप्रसाद ऊंईके उम्र 27 अपनी बाइक से खेरीरेंगा ढाना से अपनी पत्नी दीपिका ओर अपने बच्चे शिवांश उम्र 9 माह को लेकर मटकुली लेकर जा रहे थे तभी बंधी ढाना के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों बाइक सवार लोगों को चोट आई वही दूसरी बाइक सवार युवक दीपक पिता गुलाब मर्सकोले उम्र 24 साल को भी चोट आई जिन्हें माहुलझिर थाना की 112 को इवेंट मिलने पर तत्काल 112 के पायलट संजय चौबे और माहुलझिर पुलिस के आरक्षक अशोक जोनगे 706 द्वारा तमिया हॉस्पिटल लेकर आया गया जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला हॉस्पिटल रिफर किया गया

# पांढुरना डकैती के मुख्य सरगना को धार जिले से गिरफ्तार कर ले आई पुलिस

### जल्द ही अन्य डकैत की गिरफ्तारी होने का किया जा रहा दावा

**नवभारत न्यूज**
**पांढुरना,1 मार्च, नगर के साई धाम कॉलोनी में डकैती द्वारा लोगों को बंधक बनाकर सोने,चांदी के आभूषण तथा नगद राशि लूटकर फरार होने वाले एक दर्जन से अधिक डकैतों में से एक मुख्य सरगना को धार जिले से पुलिस टीम ने काफी मशक्कत के पकड़ अपने साथ पांढुरना ले आई है,अन्य सभी फरार डकैत भी जल्दी ही पुलिस पकड़ में होने का दावा किया जा रहा है।**

गौरतलब हो कि बीते 21 फरवरी की रात्रि नगर के साई धाम कॉलोनी में एक दर्जन डकैतों द्वारा धावा बोलकर यहां के पांच घरों के लोगों को धारदार हथियारों से दम पर बंधक बनाकर इनके सोने,चांदी के आभूषणों के साथ ही नगद राशि लूटकर यह डकैत नगर से मुख्य बाइक पर सवार होकर बैतूल के रास्ते फरार हो गए थे,इन डकैतों का पीछा करते हुए पुलिस इन डकैतों के ठिकाने मध्य प्रदेश के अंतिम छोर पर स्थित धार जिले के टाण्डा गांव तक पहुंच गए।



जिला पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी ब्रजेश भार्गव,थाना प्रभारी अजम मरकाम के नेतृत्व में इन डकैतों को पकडने़ बनाई गई तीन पुलिस टीम द्वारा पूरे एक सप्ताह तक धार जिले के टाण्डा गांव सहित इन डकैतों के संभावित ठिकानों पर दी गई दबिश के बाद पांढुरना में डकैती करने आए गिरोह के मुख्य सरगना को इस पुलिस टीम द्वारा रविवार की अल सुबह पकड़ अपने साथ पांढुरना ले आई है,अब इसकी निशानदेही पर शीघ्र ही अन्य फरार डकैत भी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

## वैकुंठवासी सूर्यकांत महाराज डोंगरे धाम पर मनाया एकादशी उत्सव

**पिपला नारा.वार।** संतो की नगरी पिपला नारायणवार में संत वैकुठवासी सूर्यकांत डोंगरे महाराज धाम में एकादशी पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन के दौरान योगेष मोवले ने धार्मिक कथा का वाचन करते हुये एकादषी व्रत, भक्ति और सदाचार के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा के माध्यम से आगामी होली पर्व को आपसी प्रेम, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता के साथ मनाने का भी संदेश दिया। कथा श्रवण में बडी संख्या में श्रद्धालू उपस्थित रहे और भक्ति रस में सराबोर नजर आये। कथा उपरांत महाप्रसाद का वितरण किया गया।


## किसान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जुटे महाराष्ट्र, मप्र के संतरा उत्पादक किसान

**नवभारत न्यूज़**
**पिपला नारा.वार, 1 मार्च, लंबे समय के बाद मध्यप्रदेष एवं महाराष्ट्र के प्रगतिशील संतरा उत्पादक किसान संयुक्त कार्यक्रम के माध्यम से एकजुट हुये। संतरा की खेती को आधुनिक तकनीक के माध्यम से लाभ का धंधा कैसे बनाया जाये इस पर कृषि विद्वानों द्वारा विचार रखे गये।**

दोनो राज्यों के सीमावर्ती ग्राम नांदा में हुयें कार्यक्रम में संतरा विषेषज्ञ प्रवीण बेलखेडे एवं सौसर फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेषन के प्रमोटर पूर्व विधायक अजय चौरे ने किसानों को संबोधित किया। कार्यक्रम में कलमगांव, खेडीकला, खुर्सापार, नांदा के बडी संख्या में किसान उपस्थित थे। इसके अलावा महाराष्ट राज्य के वाषिम, अकोला, अमरावती, मोर्षी आदि के उन्नत किसान भी षामिल हुये। इस दौरान संतरों के बगीचों का भी निरीक्षण किया। साथ ही संतरें की खेती के संबंध में किसानों के विचारों सांझा किया गया। कार्यक्रम में पांढुर्णा, सौसर, यवतमाल, कारंजा, नरखेड, सावनेर, बेलोना, चंद्रपुर, मोवाड, बोरगांव रेमण्ड, खापरी, मंगरूलीकर, अंबाडा, लवाना, खंडेष्वर, सावंगा, पिपला नारायणवार, येलकापार, चोरआंबा, मानोरा, गांगतवाडा आदि के किसान उपस्थित थे।

## सिविल अस्पताल में एमपीवी वायरस वैक्सीन टीकाकरण का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**पांढुरना,1 मार्च, नगर जिला मुख्यालय के शासकीय चिकित्सालय में श्रीमती अल्का एक्का अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पांढुर्णा की उपस्थिति में एवं डॉ. दीपेन्द्र सलामे, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी पांढुर्णा के मार्गदर्शन में एच.पी.वी. वायरस वैक्सीन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 09 से 14 वर्ष की बालिकाओं को टीकाकरण में शामिल किया गया है।** यह टीकाकरण अभियान आगामी तीन माह तक सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में संचालित किया जावेगा। तत्पश्चात नियमित टीकाकरण में इसे शामिल किया जावेगा, जिससे अधिक से अधिक बालिकाएं इस महत्वपूर्ण वैक्सीन का लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनित कुमार श्रीवास्तव (मेडिसिन विशेषज्ञ), डॉ. छाया चौहान (स्त्रीरोग विशेषज्ञ), डॉ. हेमराज बोकडे (निश्चेतना विशेषज्ञ), डॉ. मनीष मरावी (एम.डी. मेडिसिन), डॉ. निलिमा तिजारे, डॉ. लता खण्डार (आरबीएसके एम.ओ.), श्रीमती सरिता उके (प्रभारी मेट्रन), रविन्द्र पराडकर (बीपीएम), अजय तिवारी (बीसीएम), रमेश चिकाने, मोरेश्वर बालपांडे, सतीष सेम्बेकर (कोल्ड चेन प्रभारी), श्रीमती चांगोना गजभिये (एलएचव्ही) एवं समस्त टीकाकरण टीम एच.पी.वी. टीकाकरण शुभारंभ में सिविल अस्पताल पांढुर्णा में उपस्थित रहे।





## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (म/स) संभाग छिन्दवाड़ा

e-mail:- eepwdvchhind@mp.nic.in

### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना कं. 10/प.ले.लि./2025-26/ छिंदवाडी दिनांक 25.02..2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य बेवसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त बेवसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर बेवसाईट के माध्यम से डाउनलोड की जा सकेंगी।

| स. क्र. | टेंडर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 484694 | छिंदवाडा | सड़क कार्य | सीताडोंगरी बम्हनी मार्ग लंबाई 16.00 कि.मी. एवं छिन्दीजोगीमुआर घाटामाली जुनाढाना कोहका दमुआ धमनिया मरकाढाना खिरेटी खुलसान बागबर्धिया झुर्रे मार्ग लं. 5.00 कि.मी. कुल 21.00 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण का कार्य।( द्वितीय आमंत्रण ) | 365.65 | 3,65,700/- | 15,000/- | 04 माह वर्षाऋतु सहित |
| 2 | 484695 | छिंदवाडा | सड़क कार्य | रा.रा. मार्ग कं. 347 से राज्य मार्ग कं. 19 के मध्य व्हाया रोहनाकलां गुरैया पोआमा मार्ग लंबाई 9.20 कि.मी. एवं कबाडिया सुरगी मेढकीताल मार्ग लं. 5.00 कि.मी. कुल लंबाई 14.20 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण का कार्य।( द्वितीय आमंत्रण ) | 364.00 | 3,64,000/- | 15,000/- | 04 माह वर्षाऋतु सहित |
| 3 | 484696 | छिंदवाडा | सड़क कार्य | हर्रई भेड़ा तेन्दनी जोगीवाड़ी हाथीखोह मार्ग लंबाई 6.00 कि.मी. एवं कोसमी कापरवाड़ी मार्ग लं. 13.30 कि.मी. कुल लंबाई 19.30 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण का कार्य।( द्वितीय आमंत्रण ) | 330.17 | 3,30,200/- | 15,000/- | 04 माह वर्षाऋतु सहित |
| 4 | 484697 | छिंदवाडा | सड़क कार्य | चौरई बायपास मार्ग लंबाई 4.60 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण का कार्य।( द्वितीय आमंत्रण ) | 278.41 | 2,78,500/- | 15,000/- | 03 माह वर्षाऋतु सहित |
| 5 | 484698 | छिंदवाडा | भवन कार्य | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कं. 01 छिंदवाडा अंतर्गत शासकीय भवनों में अनुरक्षण विशेष मरम्मत एवं अन्य जमा निधि के कार्य।( प्रथम आमंत्रण ) | 20.00 | 40,000/- | 2,000/- | 04 माह वर्षाऋतु सहित |
| 6 | 484699 | छिंदवाडा | भवन कार्य | जिला न्यायालय छिंदवाडा में न्यायालय परिसर अंतर्गत तथा जजेस कॉलोनी में भवन मरम्मत / संधारण से संबंधित सभी कार्य।( प्रथम आमंत्रण ) | 18.00 | 36,000/- | 2,000/- | 04 माह वर्षाऋतु सहित |
| 7 | 484700 | छिंदवाडा | सड़क कार्य | छिंदी नागरी घोडावाडी झिरिया धनोरा बिछुआ जुंगावानी मार्ग के कि.मी. 1 से 22 एवं कि.मी. 23 से कि.मी. 46/6 कुल लंबाई 45.50 कि.मी. का सर्वेक्षण कर विस्तृत प्राक्कलन एवं लैंड प्लान तैयार करने का कार्य।( प्रथम आमंत्रण ) | 16.51 | 33,100/- | 2,000/- | 03 माह वर्षाऋतु सहित |
| 8 | 484701 | छिंदवाडा | सड़क कार्य | राज्य मार्ग कं. 46 से चांद चंदनगांव वाधगांव लालगांव मेहदोन थोटा जमतरा (पेंच नेशनल पार्क) लं. 24.00 कि.मी. एवं पांढुर्णा वर्धा नदी मार्ग लं. 11.20 कि.मी. कुल लं. 35.20 कि.मी. का सर्वेक्षण कर विस्तृत प्राक्कलन एवं लेंड प्लान तैयार करने का कार्य ।( प्रथम आमंत्रण ) | 13.07 | 26,200/- | 2,000/- | 03 माह वर्षाऋतु सहित |
| | | | | कुल योग- | 1405.81 लाख | | | |

**टीप** -निविदा का विस्तृत विवरण (टेण्डर डाक्यूमेंट) म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल पर देखा जा सकता है। निविदा ऑनलाईन कय करने की अंतिम तिथि 14.03.2026. समय शाम 17.30 बजे तक है। ऑनलाईन प्राप्त निविदा ऑफर को मान्य किया जायेंगा। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेब साईट पर ही किया जायेंगा। पृथक से समाचार पत्रो में प्रकाशन नही किया जावेंगा।

G-26668/25

**( आकाश खरे )**
**कार्यपालन यंत्री लोनिवि**
**( भ/स ) संभाग छिंदवाड़ा म.प्र.**


# जिले से 150 तीर्थयात्री 10 मार्च को जाएंगे रामेश्वर धाम

**नवभारत न्यूज**
**पांढुर्णा, 1 मार्च प्रदेशवासियों के आराध्य देवताओं के धार्मिक स्थलों के दर्शन हेतु सरकार की अति महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत आगामी 10 मार्च को देवाधि देव महादेव की पवित्र धार्मिक स्थल रामेश्वर धाम के दर्शन हेतू तीर्थयात्रियों का जत्था पांढुरना से रवाना होगा,इसके लिए जिले से एक हजार लोगों ने विधिवत पंजीयन किया गया है,जिसमें से चयनित 150 यात्री इस तिर्थयात्रा में जाएंगे।**

गौरतलब हो कि प्रदेशवासियों को उनके आराध्य देवी देवताओं के धार्मिक स्थलों के दर्शन हेतु इन्हें लाने ले जाने,इनके रूकने तथा भोजन,नाश्ते की सभी व्यवस्थाएं प्रदेश सरकार द्वारा निशुल्क कराई जाती है। प्रदेश सरकार की इस अति महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत आगामी 10 मार्च 2026 को देवाधी देव महादेव के अति प्राचीन तथा पवित्र धार्मिक स्थल रामेश्वरम धाम के लिए पांढुरना नगर जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रैन जाने वाली है । प्रदेश के अन्य क्षेत्रों की तरह ही पांढुरना जिले से 150 तीर्थयात्रियों का जत्था रामेश्वर तिर्थयात्रा में जाएंगा,इसके लिए पांढुरना जिले से एक हजार लोगों द्वारा विधिवत जनपद पंचायत तथा नगर पालिका,नगर परिषद में विधिवत पंजीयन कराया गया है,अब इसमें से 150 तीर्थयात्रियों का चयन किया जाएगा,जो 10 मार्च को इस विशेष ट्रेन से रामेश्वरम धाम की तीर्थ यात्रा के लिए जाएंगे ।

### सबसे अधिक 425 लोगों ने पांढुरना नगर पालिका में किया पंजीयन

विभागीय सूत्रों की माने तो इस रामेश्वर धाम के तीर्थ यात्रा में जाने के लिए सबसे अधिक 425 लोगों ने पांढुरना नगर पालिका में विधिवत पंजीयन कराया है,इसी प्रकार 223 पांढुरना जनपद पंचायत में तथा सौंसर नगर पालिका में 186,सौंसर जनपद पंचायत में 40, लोधीखेडा नगर परिषद में 72,पीपला नारायण वार में 08 तथा मोहगांव नगर परिषद में 31 लोगों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि 25 फरवरी 2026 तक सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ विधिवत पंजीयन किया गया है ।


BAJAJ FINANCE

## सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालयः मुंबई - पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे - 411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्ते ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्ते समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

TQRCG
**स्कैन करें**

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे - gold.auction@bajajfinserv.in

(10-04-26) **बेतूल – शर्मा कॉम्प्लेक्स**; PCA4GOL16348007, 16472834, 16624563. **भिंड – ग्वालियर रोड**; POZ5GOL16642314, 16721390, 16747946. **भोपाल – इमामी गेट**; PF46GOL16159788, 16374095, 16641416. **भोपाल – करोंद**; PJD2GOL16231021. (13-04-26) **भोपाल – मध्य प्रदेश नगर**; PCA5GOL9173459, L9872010, 10213247, 16742449. **ब्यावरा – ओल्ड ए. बी. रोड**; PMN3GOL16597980, 16748545. **बीना – इटावा स्टेशन रोड**; PCA6GOL16399894. **छिंदवाड़ा – परासिया रोड**; PEQ1GOL16187716, 16279657. **डाबरा – मेन रोड**; PKH4GOL16622335. (14-04-26) **दतिया – सीता सागर**; PMN5GOL16572134, 16651910. **देवास – एबी रोड**; PGG2GOL16285992, 16474098. **गाडरवारा – इंद्रा वार्ड**; PKA3GOL16658262. **गंज बासौदा – मेन रोड**; P02WGOL16170404, 16214189, 16428668, 16595292, 16658778. (15-04-26): **गुना – एबी रोड**; PEH2GOL16544743. **ग्वालियर – सिटी सेंटर**; PCA7GOL11515324, 14941253, 14996407, 16162310, 16211901, 16382914, 16442880, 16521576, 16520223, 16600172, 16648573, 16666212, 16698523, 16750629, 16738672. **ग्वालियर – गोले का मंदिर**; PJD1GOL16170697, 16451185. **ग्वालियर – मुरार**; PHF9GOL14057272, 15334131, 16594571, 16670610. (16-04-26) **ग्वालियर – नया बाज़ार**; PF25GOL15062449, 15350785, 16345134, 16572282, 16655420. **ग्वालियर – विनय नगर**; PEF2GOL15018424, 15048257, 16265234, 16704128. **हरदा – बाफना टॉवर**; PCA8GOL16426689. **होशंगाबाद – मीनाक्षी चौक**; PCA9GOL13924803. **इंदौर – अन्नपूर्णा रोड**; PER2GOL16320674. (17-04-26) **इंदौर – विजय नगर**; PGJ9GOL15517632, 16369580, 16538582, 16598664, 16670921. **इटारसी – सराफा बाज़ार**; P03WGOL16163558, 16204303, 16557788, 16621538, 16653826. **जबलपुर – राइट टाउन**; PG03GOL16244478, 16284173, 16305567, 16347343, 16698422. **मंदसौर – नयापुरा रोड**; PMI9GOL15273648. (18-04-26) **मुरैना – शिवनगर**; PJC8GOL12352529, 12507622, 13095974, 14095569, 14181167, 16597949. **रीवा – बीजीएल**; P4A7GOL15147523, 15252762, 16749057. **सबलगढ़**; P13PGOL5591433, L5744781. **सागर – भगवानगंज**; POZ1GOL16682001. (20-04-26) **सागर – परकोटा**; PLL1GOL14297626, 16721028. **शहडोल – बीजीएल**; PNT3GOL16323241, 16646763. **श्योपुर – शिवपुरी रोड**; PLC3GOL15251954, 16392619, 16450121. **शिवपुरी – एबी रोड**; PEH3GOL14246320, 16307536, 16455995, 16526073. **उज्जैन – फ्रीगंज**; PCP4GOL16698821.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**